ग्रिज़ली भालू

सिड हॉफ

ग्रिज़्ली भालू

ग्रिज़ली भालू

सिड हॉफ

सुदूर उत्तर में ग्रिज़्ली नाम का एक भालू रहता था.

ग्रिज़ली इतना बड़ा था कि उसके एक
पदचिन्ह पर तीन खरगोश बैठ सकते थे.

जब वह मछली पकड़ने जाता तो
नदी उसके घुटनों तक ही आती थी.

अन्य भालुओं को गुफा में घुसने में कोई परेशानी नहीं होती थी.

लेकिन ग्रिज़ली हमेशा गुफा में घुसते समय अटकता था.

इसलिए उन्हें खुले में ही सोना पड़ता था.

लेकिन उसे उससे कोई फर्क नहीं पड़ता था.

गर्म रखने के लिए उसके शरीर पर फर का
एक मोटा कोट जो था.

अन्य जानवरों की उसे जगाने की हिम्मत नहीं होती थी.

एक दिन सुबह को जंगल में जोर का शोर हुआ.

उसे सुनकर बाकी भालू भाग गए.

ग्रिज़ली, शोर का कारण देखने के लिए गया.

उसने कुछ आदमियों को पेड़ काटते हुए देखा.

"लकड़ी!" वो लोग चिल्लाए.

"आखिर तुम क्या चाहते हो?" ग्रिज़्ली ने पूछा.

"तुम मेरे जंगल में यह क्या कर रहे हो?"

"हमें माफ करें," उन आदमियों ने कहा.

"पर हमें इन लट्ठों को नदी के नीचे आरा मिल में भेजना है.

वहां पर उनका कागज बनेगा."

ग्रिज़्ली ने कहा, "मैं बिना पेड़ों के जंगल में नहीं रह सकता हूँ."

फिर वो रहने के लिए एक नई जगह की तलाश में निकला.

"क्या तुम जानते हो कि अच्छा जंगल कहाँ है?"
उसने पूछा.

"तुम्हें यहाँ कोई जंगल नहीं मिलेगा,"
पहाड़ी बकरी ने कहा.

"क्या तुम जानते हो कि अच्छा जंगल कहाँ है?"
उसने पूछा.

"तुम्हें यहां कोई जंगल नहीं मिलेगा,"
जंगली भेड़िए ने कहा.

"क्या तुम्हें पता है कि अच्छा जंगल कहाँ है?"
उसने पूछा.

"दोस्त, लगता है कि तुम खो गए हो!"
रेगिस्तानी छिपकली ने कहा.

ग्रिज़्ली घूमता रहा. फिर उसे कई घर दिखाई दिए.

“मैं यहाँ पर क्या कर सकता हूँ?" उसने पूछा.

"तुम हमारे घर में भालू की खाल का गलीचा बन सकते हो," कुछ लोगों ने कहा.

फिर लोगों ने उसे अपने घर में घुसने दिया.

ग्रिज़ली फर्श पर लेट गया.

लोग उसके ऊपर चलने लगे.

"वो मुझे यह पसंद नहीं है," ग्रिज़ली ने कहा.

फिर उसने घर छोड़ दिया.

फिर ग्रिज़्ली को एक खंभा दिखाई दिया.

"मैं उस पेड़ पर चढ़ जाऊंगा," उसने कहा.

"मैं यहाँ पर पहले से ही हूँ,"
बिल्ली ने कहा.

उसने ग्रिज़्ली को भगा दिया.

ग्रिज़्ली ने एक कुत्ते को देखा.

"क्या तुमने वो नोटिस नहीं पढ़ा?" कुत्ते ने पूछा.

कुत्ते ने भी ग्रिज़्ली को भगा दिया.

ग्रिज़्ली ने लोगों को नाच के लिए जाते हुए देखा.

लोगों ने मुखोटे पहने थे.

ग्रिज़्ली भी नाच में गया.

"तुम बिल्कुल एक असली भालू की तरह दिख रहे हो," लोगों ने कहा.

"धन्यवाद," ग्रिज़ली ने कहा.

लोग नाचने लगे.

ग्रिज़ली ने भी नृत्य किया.

"अब मुखौटे उतारने का समय है," किसी ने कहा.

सभी लोगों ने अपने-अपने मुखौटे उतारे.

उन्होंने ग्रिज़ली से कहा, "तुम भी अपना मुखौटा उतारो."

"मैं नहीं उतार सकता," ग्रिज़ली ने कहा.

"यही मेरा असली चेहरा है.

नाच

"फिर तुम यहाँ के नहीं हो," लोगों ने कहा.

"तुम चिड़ियाघर के हो."

चिड़ियाघर

फिर ग्रिज़ली चिड़ियाघर गया.

वहां पर भालू, मूंगफली की भीख मांग रहे थे.

ग्रिज़्ली ने भी भीख मांगी.

"कृपया यहाँ से चले जाओ," भालुओं ने कहा.

"हमें जितनी भी मूँगफली मिलती है, वो हमें चाहिए.

तुम सर्कस में काम करने की कोशिश करो."

फिर ग्रिज़्ली, सर्कस में गया.

सर्कस वालों ने उसे रोलर स्केट्स पहनाए.

लेकिन ग्रिज़्ली गिर पड़ा!

उन्होंने उसे साइकिल पर बिठाया.

लेकिन वो दुर्घटनाग्रस्त हो गया!

सर्कस वालों ने उसे सिर के बल
खड़ा करने की कोशिश की.

लेकिन ग्रिज़ली वो भी नहीं कर सका.

ग्रिज़ली ने कहा, "मुझे लगता है कि इस सबके लिए अभ्यास की ज़रुरत है."

"निश्चित रूप से," सर्कस से प्रशिक्षित भालुओं ने कहा.

ग्रिज़ली ने आराम करने की कोशिश की.

"तुम यहां पर खड़े नहीं रह सकते हो," एक पुलिसकर्मी ने कहा.

ग्रिज़ली ने कहा, "मैं आराम करने के लिए कोई जगह ज़रूर ढूंढ लूँगा."

फिर वो तब तक भागा जब तक वो एक घने अच्छे जंगल में नहीं पहुँच गया.

ग्रिज़ली ने कहा, "मैं यहां आकर बहुत खुश हूं."

"हम भी बहुत खुश हैं कि तुम यहाँ आए हो,"
कुछ शिकारियों ने कहा.

उन्होंने बन्दूकों से उसकी ओर निशाना साधा.

"गोली मत मारो!" रेंजर चिल्लाया.

"यह एक राष्ट्रीय उद्यान है.

यहाँ पर शिकार की अनुमति नहीं है."

शिकारी चले गए.

"धन्यवाद," ग्रिज़्ली ने कहा.

"तुम यहाँ सुरक्षित रहोगे," रेंजर ने कहा.

"लोग यहां जानवरों को गोली नहीं मार सकते.

वे केवल कैमरे से तस्वीरें ही शूट कर सकते हैं."

सभी लोग ग्रिज़्ली की तस्वीर लेना चाहते थे.

क्योंकि वो एक बहुत विशाल भालू था.

"हमें एक अच्छी फोटो लेने देने के लिए धन्यवाद."

"अब यही मेरी ज़िंदगी है."
ग्रिज़्ली ने कहा.

अब वो बहुत खुश था.

अंत